भारत सरकार
Government of India

वित्त मंत्रालय
Ministry of Finance

वित्त मंत्रालय से संबधित वित्त संबंधी स्थायी समिति की 33वीं रिपोर्ट, (2011-12), 15वीं लोक सभा की सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में माननीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा लोक सभा में दिया जाने वाला वक्तव्य

STATEMENT BY SHRI PRANAB MUKHERJEE, MINISTER OF FINANCE IN THE LOK SABHA REGARDING THE STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS - 33RD REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE, (2011-12), 15TH LOK SABHA, RELATING TO THE MINISTRY OF FINANCE

मार्च, 2012
MARCH, 2012

विषय-सूची		INDEX	
क्रम संख्या **विषय वस्तु संख्या**	**पृष्ठ**	**Sl No. Contents**	**Page No.**
1. श्री प्रणब मुखर्जी, वित्त मंत्री द्वारा वक्तव्य	i-ii	1. Statement by Shri Pranab Mukherjee, Minister of Finance	i-ii
2. अनुबंध- वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवाएं, व्यय तथा विनिवेश विभाग) की **2011-12 की अनुदानों की मांगों से संबद्ध वित्त संबंधी स्थायी समिति की 33वीं रिपोर्ट** में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट जिसे 30 जून, 2011 को लोक सभा/राज्य सभा में प्रस्तुत किया गया।	1-24	2. Annexure- Action Taken Report on the Recommendations/Observations contained in the **33rd Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants 2011-12** of the Ministry of Finance (Departments of Economic Affairs, Financial Services, Expenditure and Disinvestment) presented to Lok Sabha/laid in the Rajya Sabha on 30th June, 2011.	25-45

आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवा, व्यय और विनिवेश विभागों से संबंधित वित्त संबंधी स्थायी समिति (2011-12) 33वीं रिपोर्ट (15वीं लोक सभा) की निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में माननीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा लोक सभा में दिया जाने वाला वक्तव्य

मैं, दिनांक 1 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन, भाग-II के तहत माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निर्देश 73-क के अनुसरण में वित्त संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवा, व्यय और विनिवेश विभागों से संबंधित 33वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर वक्तव्य देने को अपना सौभाग्य मानता हूँ ।

वित्त संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की **33वीं रिपोर्ट 30 जून, 2011** को लोक सभा में **प्रस्तुत** की गई। 33वीं रिपोर्ट अनुदानों की मांगों (2011-12) की जांच से संबंधित है। इस रिपोर्ट में, समिति ने कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया है और सोलह (16) सिफारिशें की हैं जिनके संबंध में सरकार की ओर से कार्रवाई की जानी है। ये सिफारिशें मुख्यतः प्रमुख राज्य आयोजना स्कीमों के तहत निधियों का कम उपयोग, मुद्रास्फीति, बजटीय सुधार, सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज की दर, बैंकिंग सेवाओं का

STATEMENT BY SHRI PRANAB MUKHERJEE, MINISTER OF FINANCE IN THE LOK SABHA REGARDING THE STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS CONTAINED IN THE 33rd REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE (15th LOK SABHA) ON DEMANDS FOR GRANTS (2011-12), RELATING TO THE DEPARTMENTS OF ECONOMIC AFFAIRS, FINANCIAL SERVICES, EXPENDITURE & DISINVESTMENT

I deem it my privilege to make a statement on the status of implementation of recommendations contained in the 33rd Report of the Department of Economic Affairs, Financial Services, Expenditure and Disinvestment of the Standing Committee on Finance (15th Lok Sabha) in pursuance of Direction 73-A of the Hon'ble Speaker, Lok Sabha *vide* Lok Sabha Bulletin, Part II dated 1st September 2004.

The **33rd Report** of the Standing Committee on Finance (15th Lok Sabha) was **presented** to the Lok Sabha on **30th June, 2011**. The 33rd Report relates to examination of Demands for Grants (2011-12). In the Report, the Committee deliberated on various issues and made sixteen (16) recommendations, where action is called for on the part of the Government. These recommendations mainly pertain to the issues like underutilisation of

विस्तार, कृषि और कमजोर वर्गों को ऋण, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, बीमा नीतियों का अस्वीकरण और विनिवेश/नीति से संबंद्ध हैं।

रिपोर्टों में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों के संबंध में की गई कार्रवाई संबंधी विवरणियां 30 सितम्बर, 2011 को वित्त संबंधी स्थायी समिति को भेज दी गई थीं। 33वीं रिपोर्ट में समिति द्वारा की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति **अनुबंध** में दिखायी गयी है।

मैं **अनुबंध** की विषय-वस्तु को पढ़कर सुनाने में सदन का कीमती समय नहीं लेना चाहूंगा। अनुरोध है कि इसे पढ़ा हुआ माना जाए।

Funds under major State Plan Schemes, Inflation, Budgetary Reforms, Rate of Interest on General Provident Fund, Expanding Banking Services, Lending to agriculture and weaker Sections, Debt Recovery Tribunals, Repudiation of Insurance Policies, and Disinvestment Policy.

Action Taken Statements on the recommendations/observations contained in the Report had been sent to the Standing Committee on Finance on 30th September, 2011. Present status of implementation of the recommendations made by the Committee in the 33rd Report is indicated in **Annexure**.

I would not like to take the valuable time of the House to read out the contents of the **Annexure**. I would request that these may be taken as read.

अनुबंध

(वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य, व्यय और विनिवेश विभाग) की **लोक सभा में 30 जून, 2011 को प्रस्तुत की गई/राज्य सभा में /दि. 30 जून, 2011 को रखी गई स्थायी समिति की 33वीं रिपोर्ट** में समाविट सिफारिशों/टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई दर्शाने वाला विवरण

क्र.सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
1	2	3	4	5	6
1	1	**समिति चाहती है कि वित्त मंत्रालय को इस मामले को तत्काल संबंधित मंत्रालयों के साथ उठाना चाहिए ताकि अनुदान के उपयोग के किसी संदर्भ के बगैर वर्ष-दर-वर्ष नेमी तौर पर अनुदान प्रदान करने के बजाय इन अनप्रयुक्त अनुदानों की समीक्षा की जा सके। समिति ऐसी स्थिति नहीं चाहती जहां अनुदान बजट दस्तावेजों तक सीमित रहे और उनका कोई जमीनी परिणाम सामने न आए। इसलिए वित्त मंत्रालय को आंतरिक निगरानी तंत्र स्थापित करना चाहिए जिससे संबंधित मंत्रालयों और राज्य सरकारों दोनों को शामिल करते हुए तिमाही समीक्षा बैठकें बुलाई जा सकें ताकि कड़ी निगरानी रखी जा सके और धनराशि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस संदर्भ में समिति सरकार का ध्यान विषम परिस्थिति की ओर आकर्षित करना चाहेगी जो केन्द्रीय धनराशि के संबंध में सामने आ रही है। इसे जमीन पर किसी स्पष्ट परिणाम के बगैर बजट प्रयोजनों के लिए पूर्णतः उपयोग किया हुआ दर्शाया जाता है। इस प्रकार समिति यह सिफारिश करती है कि वित्त मंत्रालय इस संबंध में संबंधित मंत्रालयों को संवेदनशील बनाए ताकि उनके द्वारा तैयार किए हुए प्रस्ताव परिणामों पर और अधिक केन्द्रित हों। उन्हें पूरे वर्ष व्यय की समानता सुनिश्चित करते हुए वर्ष के अंत में आबंटन का बड़ा हिस्सा खर्च करने से भी बचना चाहिए।**	• व्यय प्रबंधन के लिए 11 जुलाई, 2011 को जारी किए गए अनुदेशों में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी उल्लेख है कि बजट प्राक्कलन में आबंटित धनराशि के एक तिहाई (33 प्रतिशत) तक धनराशि वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में खर्च की जा सकती है तथा आबंटित धनराशि के 15 प्रतिशत तक धनराशि मार्च के दौरान खर्च की जा सकती है। • 20 अक्तूबर, 2011 को वित्त सलाहकारों के साथ वित्त मंत्री की बैठक में वर्ष के शेष भाग में धनराशि की आवश्यकता के मूल्यांकन करने की आवश्यकता तथा मासिक एवं तिमाही व्यय योजना के अनुपालन हेतु राजकोषीय और वित्त प्रबंधन के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के ईमानदारी से अनुपालन की आवश्यकता पर मुख्य रूप से बल दिया गया। • संशोधित प्राक्कलन स्तर पर बजट आबंटन उपलब्ध कराते समय पूर्वानुमानित व्यय की समीक्षा की जाती है। • अभिनिर्धारित परियोजनाओं के लिए अनुदान की अगली किश्तें जारी किए जाने के लिए परियोजना की प्रगति की समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बजट आबंटनों का स्कीम के दिशा-निर्देशों के मानदण्डों के अनुसार उपयोग हो तथा स्पष्ट परिणाम सुनिश्चित करने के लिए धनराशि के जारी किए जाने को परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति से जोड़ा जाता है।	स्वीकार कर ली गई है।	

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
2	**2**	**मुख्य आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रस्तुत सूचना से यह ज्ञात हुआ कि अप्रैल, 2010 में डब्ल्यूपीआई सूचकांक जहां 11 प्रतिशत था, वहीं यह कम होकर इस वर्ष अप्रैल में 8.31 प्रतिशत पर आ गया। तथापि, मंत्रालय ने अपने उत्तर में यह माना है कि यह गिरावट आधार वर्ष बदलने से संभव हुई है। इसके बावजूद, खाद्य सूचकांक जो अप्रैल, 2011 में 6.45 प्रतिशत था, समग्र मुद्रास्फीति का एक प्रमुख घटक बना हुआ है। हालांकि मंत्रालय ने यह कहा है कि सीपीआई-आईडब्ल्यू और डब्ल्यूपीआई में खाद्य सूचकांक सरकारी नीति बनाने और खाद्य अर्थव्यवस्था के प्रबंधन में मार्गदर्शी कारक हैं, समिति यह देखकर चकित है कि इन सूचकांकों को पुनःपरिभाषित करने में सरकार का दृष्टिकोण इतना ढुलमुल रहा है कि जहां डब्ल्यूपीआई का आधार वर्ष परिवर्तित करके 2004-05 कर दिया गया है, वहीं सीपीआई-आईडब्ल्यू हेतु वर्ष 2001 को अभी भी आधार वर्ष के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा है। इससे साफ दिखाई देता है कि इन सूचकांकों से उपजी परस्पर-विरोधी स्थितियों का नीति निर्माण में प्रयोग किया जा रहा है जिससे जाहिर है कि इस तरह मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के वांछित परिणामों को हासिल नहीं किया जा सकता। चूंकि ये थोक मूल्य नहीं हैं बल्कि सीपीआई द्वारा दर्शाए गए खुदरा मूल्य हैं, जो आम आदमी को अधिक प्रभावित कर रहे हैं, समिति सरकार से सिफारिश करेगी कि वह तत्काल आधार पर एक अधिक प्रातिनिधिक सीपीआई तैयार करे, जो मौजूदा स्फीतिकारी प्रवृत्ति को अधिक सही ढंग से प्रतिबिम्बित करे ।**	सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने जनवरी, 2011 से समग्र भारत और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों के लिए अलग से तथा संयुक्त रूप से आधार वर्ष 2010=100 के साथ सीपीआई की नई श्रृंखला की शुरूआत की है। देश में सीपीआई (शहरी) 310 शहरों को जबकि सीपीआई (ग्रामीण) में 1181 गांवों को शामिल किया गया है। नई सीपीआई श्रृंखला का भारांश आरेख एनएसएस के 61वें दौर के उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण आंकड़ों (2004-05) से प्राप्त किए गए शहरी/ग्रामीण परिवारों के औसत मासिक उपभोक्ता व्यय के आधार पर तैयार किया गया है। वार्षिक मुद्रास्फीति दरें जनवरी, 2012 हेतु सूचकांक जारी करते समय उपलब्ध होगी, जब एक वर्ष के सूचकांक उपलब्ध होंगे।	स्वीकृत	

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
3	3	**इसके अलावा, मुख्य आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रस्तुत सूचना से समिति ने पाया है कि सरकार "मुद्रास्फीति के अतिरिक्त दो प्रतिशत को आर्थिक विकास को उप-परिणाम के तौर पर स्वीकारती है।" हालांकि सरकार ने कीमतें कम करने के लिए उपाय किए हैं; लेकिन उनकी अपर्याप्तता मुद्रास्फीति के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दृष्टिकोण में भली प्रकार से प्रतिबिंबित होती है, जिससे पता चलता है कि मुद्रास्फीति की वृद्धि से जुड़े अनेक अन्य जोखिम भी हैं जैसेकि लंबे समय से जारी उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का विनिर्माण क्षेत्र समेत सामान्य मुद्रास्फीति को प्रभावित करना। समिति चाहेगी कि इस मामले में सावधानी बरती जाए क्योंकि बढ़ती कीमतों का केवल विकास से संबद्ध होने और प्रतिव्यक्ति आय के बढ़ने से जुड़ा होने की बात कहकर आत्म सन्तुष्ट होकर बैठ जाने का समय नहीं है। मुद्रास्फीति से निपटने के लिए विशिष्ट नीतिगत उपायों के साथ कठोर प्रवर्तनकारी कार्रवाई की अत्यंत आवश्यकता है क्योंकि यदि मुद्रास्फीति पर ध्यान न दिया गया तो इससे मुद्रास्फीति पर बहुआयामी प्रतिकूल असर पड़ेगा तथा विकास नकारात्मक रूप से प्रभावित होगा।**	डब्ल्यूपीआई आधारित खाद्य मुद्रास्फीति (भारांश 24.31 प्रतिशत) फरवरी, 2010 के 20.2 प्रतिशत के सर्वोच्च स्तर से गिरकर फरवरी-अक्तूबर, 2011 में 6.8 से 9.9 प्रतिशत के आस-पास बनी रही। सरकार मुद्रास्फीति कम करके इसे अधिक संतोषजनक स्तर पर लाने के लिए सभी उपयुक्त उपाय करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मिलकर कार्य कर रही है। किए गए कुछ महत्वपूर्ण राजकोषीय और प्रशासनिक उपायों में ये शामिल हैं- दालों, खाद्य तेल (कच्चा) पर आयात शुल्क कम करके शून्य और परिष्कृत एवं हाइड्रोजनीकृत और वनस्पति तेलों पर कम करके 7.5 प्रतिशत किया गया; एक वित्त वर्ष में कुल 10000 मीट्रिक टन तक आयात करने के लिए टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के तहत वसारहित मिल्क पाउडर (एसएमपी) का शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया; दालों, धान और चावल के मामले में स्टॉक सीमा संबंधी आदेशों को बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2011 तक तथा खाद्य तेल और खाद्य तिलहन के मामले में 31 मार्च, 2011 तक किया गया; चावल, उड़द तथा तूर के वायदा कारोबार को प्रतिबंधित किया गया।	स्वीकृत	
4	4	**समिति ने ध्यान में रखा है कि सरकार ने परिणाम के अनुरूप व्यय करके बजटीय सुधारों की शुरूआत की है। जबकि भविष्य के व्यय की बजटिंग/ योजना के दौरान वास्तविक व्यय के साथ तुलना करना एक आवश्यक निर्विष्टि है, फिर भी समिति यह ध्यान में रखती है कि ऐसे कई क्षेत्र अभी हैं जहां बजटीय प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता**	समिति के अवलोकनों को नोट कर लिया गया है।	लागू नहीं	ये समिति के अवलोकन हैं और इन्हें नोट कर लिया गया है

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
		लाने और उत्तरदायित्व निर्धारित करने जैसे सुधारों की आवश्यकता है, ये क्षेत्र जैसे व्यय का वर्गीकरण, वर्ष भर के व्यय आवंटनों में एकरूपता, संसाधनों के किफायती प्रयोग अथवा मूल मंत्रालय/विभाग की ओर से परियेाजनाओं/योजनाओं के कार्यान्वयन न करने/देरी करने की निष्क्रियता के परिणामस्वरूप हुई बचतों का निरूपण, किए गए अभ्यर्पणों से हुई बचतों की पहचान आदि।			
5	5	वित्त सचिव के प्रस्तुतीकरण से समिति ने पाया कि राजस्व और पूंजी व्यय का वर्गीकरण केन्द्र सरकार के लेखों में उचित प्रकार से दर्शाया नहीं जाता है क्योंकि आगे होने वाले पूंजी व्यय के लिए राज्यों को दिए जाने वाले अनुदानों को भारत सरकार के लेखे में राजस्व व्यय के रूप में दर्शाया जाता है। समिति का यह विश्वास है कि ऐसे लेखांकन से केवल परिहार्य भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे वास्तविक बजट निर्माण का पता नहीं चलता है। अतः सरकार को व्यय के बेहतर अनुमान और नीतियों को सही-सही दर्शाने के लिए व्यय के मौजूदा वर्गीकरण की समीक्षा हेतु उपाय शुरू करने चाहिए। इसके अतिरिक्त, समिति यह जानकर चकित है कि आशयित आयोजनाओं/स्कीमों के कार्यान्वित न होने के फलस्वरूप होने वाली बचतों/अभ्यर्पणों का हिसाब रखने की कोई सही प्रणाली नहीं है। बचतों को दर्शाने की मौजूदा प्रणाली अत्यन्त अस्पष्ट है और इससे दोषी मंत्रालय/विभाग की जवाबदेही निर्धारित नहीं होती है। समिति के दृष्टिकोण में बचत एक अनुपयुक्त नाम है क्योंकि यह अकुशल नियोजन और अप्रभावी मॉनिटरिंग	समिति को मध्यावधि समीक्षा के दौरान एक अनुदान में बचत की पहचान और अन्य अनुदान में अनुदानों की पूरक मांगों के जरिए अतिरिक्त व्यय का प्रावधान सहित बजटीय प्रक्रिया के मौखिक साक्ष्य के दौरान पहले ही अवगत कराया गया था। इस प्रकार, समिति की टिप्पणियों को ध्यान में रखा गया है।	लागू नहीं	ये समिति के टिप्पणी हैं अतः इन्हें नोट कर लिया गया है

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
		से संबंधित है। इस प्रकार, यह अधिक उचित होगा कि तीन शीर्षों नामतः बचत, निधियों के अल्प उपयोग/उपयोग न किए जाने को बजट में स्पष्ट रूप से अलग-अलग लिखा जाए। इससे सरकार को उपलब्ध निधियों के अधिक दक्षता से पुनः आवंटन में सहायता भी मिलेगी।			
6	**6**	**<u>सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज की दर</u>** **समिति ने नोट किया है कि कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज की दर 9.5 प्रतिशत रही है। समिति यह चाहती है कि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) पर ब्याज की दर, जो 8 प्रतिशत पर स्थिर है, की भी समीक्षा कराई जाए जिससे कि सरकारी कर्मचारियों को उस स्थिति में अब और नुकसान न उठाना पड़े जबकि बैंक जमाराशियों पर ब्याज दर में भी बढ़ोत्तरी की जा चुकी है।**	सामान्य भविष्य निधि और अन्य सदृश निधियों पर ब्याज की दर में संशोधन सरकार के विचाराधीन है।	विचारधीन	
7	**7**	**समिति नोट करती है कि मार्च 2012 तक 73000 आवासीय स्थलों तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने के लिए सरकार शाखा रहित बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए काफी हद तक बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों/फैसीलिटेंटरों (बीसी/बीएफ) का सहारा ले रही है। मार्च, 2011 में बैंकों के पास 26,123 बीसी/बीएफ थे। यह देखने में आया है कि 129 बैंक रहित ब्लॉकों में से, अभी तक 59 ब्लॉकों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस प्रकार अब भी 71 बैंक रहित ब्लॉक हैं, उनमें से अधिकांश (70 ब्लॉक) पूर्वोत्तर क्षेत्र और एक जम्मू कश्मीर में है। इसलिए इन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करना मुख्य रूप से शाखा रहित बैंकिंग पर केन्द्रित है, जिसे**	वर्ष 2006 से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को देश के बैंक रहित एवं कम बैंक सुविधा वाले क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए कारबार सम्पर्की (बीसी) माडल अपनाने की अनुमति दी गई थी। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विभिन्न संस्थाओं/व्यक्ति विशेष को बीसी के रूप में कार्य करने की अनुमति दी गई थी, परन्तु बैंकों द्वारा सिर्फ कुछ को वास्तविक रूप से नियोजित किया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के 'लाभकारी कंपनियों का बीसी के रूप में नियोजन' संबंधी विचार-विमर्श पत्र जो 02 अगस्त, 2010 को इसकी वेबसाइट पर डाला गया था, में यह उल्लेख किया गया था कि सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्र के 50 बैंकों में से सिर्फ 27 बैंकों ने बीसी नियोजित करने की सूचना दी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि बीसी नियोजित करने वाले अधिकांश बैंकों ने धारा 25 कंपनियों/न्यासों/समितियों को बीसी के रूप में नियुक्त किया था और जबकि कई बैंकों ने बीसी माडल अपनाने के लिए कुछ कदम उठाए थे, इनमें से कुछ ही बैंक प्रायोगिक स्तर से आगे	कालम 4 में यथावर्णित स्वीकृत	

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
		प्रौद्योगिकी और बीसी/बीएफ के उपयोग द्वारा किया जा सकता है। तथापि, इस मॉडल के उपयोग द्वारा बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार में कुछ बैंकों का अनुभव ज्यादा प्रोत्साहित करने वाला नहीं रहा है। समिति यह पाती है कि इस मॉडल के अनुभव का अध्ययन करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त कार्य दल ने इस माध्यम का बड़े पैमाने पर उपयोग करने में बैंकों की कुछ समस्याओं को उजागर किया है जैसे कि बड़ी संख्या में बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों की सेवाएं लेने में बैंकों के समक्ष आने वाले ऋण की लागत और ऋण की मात्रा संचालनात्मक, विधिक और साख संबंधी जोखिम, अलग-अलग बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों द्वारा कम कवरेज, बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों का मूल्यांकन करने में कठिनाई, व्यावसायिक दृष्टिकोण का अभाव, ऋण प्रदान करने संबंधी कार्रवाई और इसके संवितरण में विलंब, बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों द्वारा प्राप्त कम कारोबार इत्यादि। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय रिजर्व बैंक ने 28 सितम्बर, 2010 को बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों को नियुक्त करने हेतु संशोधित दिशानिर्देश जारी किए जिनमें आंतरिक केन्द्रीय निगरानी उपभोक्ता संरक्षण के उपाय और बैंकिंग कॉरेस्पोन्डेंटों के रूप में कार्य करने हेतु 'एंटीटिज' के कार्य क्षेत्र का विस्तार करने का प्रावधान किया गया है। समिति यह विश्वास करती है कि यद्यपि भारतीय रिजर्व बैंक ने बीसी/बीएफ मॉडल को सुदृढ़ करने के उपाय किए हैं, बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार में इस मॉडल की प्रभावोत्पादकता अभी भी संदेहास्पद है। इसलिए	कदम उठाए थे। बैंकों द्वारा अगले स्तर पर बढ़ने में उठाई गई परेशानी का कारण विभिन्न कारक हो सकते हैं, जिनमें बैंकों द्वारा बड़ी संख्या में बीसी नियोजित करने में उठाए गए क्रेडिट, परिचालन, कानूनी एवं प्रतिष्ठा जोखिम, बीसी के रूप में कार्यरत व्यक्ति विशेष द्वारा अपनी वित्तीय एवं अन्य मजबूरियों द्वारा कम कवरेज, बीसी के रूप में कार्यरत व्यक्ति विशेष की सत्यनिष्ठा निर्धारित करने में कठिनाई नियमितता, पाबन्दी, विभिन्न रिकार्डों के अनुरक्षण संबंधी मामलों में बीसी की व्यावसायिकता में सामान्य कमी, ऋण प्रोसेसिंग, संवितरण में विलंब, बीसी द्वारा किए गए कारबार की कम प्रमात्रा तथा छोटे मूल्य के लेनदेनों की कम प्रमात्रा के साथ जुड़ी लागत शामिल है।उपर्युक्त पहलू को ध्यान में रखते हुए, कारबार सम्पर्कियों के नियोजन संबंधी दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई थी और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 28 सितम्बर, 2010 को संशोधित दिशानिर्देश जारी किए गए थे। बैंक अब भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत पंजीकृत बड़े एवं व्यापक खुदरा केन्द्रों वाली कंपनियों (एनबीएफसी को छोड़कर) को बीसी के रूप में नियोजित कर सकते हैं। बीसी के कार्यकलापों के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं - (i) उधारकर्ताओं की पहचान; (ii) ऋण आवेदन एकत्र करना और इन पर प्रारंभिक कार्रवाई करना जिसमें प्राथमिक सूचना/आंकड़ों का सत्यापन शामिल है; (iii) बचत एवं अन्य उत्पादों तथा शिक्षा के बारे में जानकारी देना और धन प्रबंधन तथा कर्ज के संबंध में सलाह देना; (iv) कार्रवाई करके आवेदन बैंकों को प्रस्तुत करना; (v) स्व-सहायता समूहों/संयुक्त देयता समूहों/ऋण समूहों/अन्यों का संवर्धन/प्रोत्साहन तथा निगरानी; (vi) संवितरण पश्चात निगरानी; (vii) वसूली के लिए अनुवर्ती कार्रवाई; (viii) छोटे मूल्य के ऋण का संवितरण; (ix) मूलधन की वसूली/ब्याज का संग्रहण; (x) सूक्ष्म बीमा/म्युचुअल फंड उत्पादों/पेंशन उत्पादों/अन्य तृतीय पक्ष उत्पादों की बिक्री तथा (xi) छोटे मूल्य के विप्रेषण/अन्य भुगतान लिखत प्राप्त करना तथा वितरित करना। बीसी द्वारा किए जाने वाले कार्यकलाप बैंक के बैंकिंग कारबार की सामान्य प्रक्रिया के भीतर होंगे परन्तु ये बीसी के माध्यम से बैंक परिसरों/ एटीएम से इतर के स्थल पर निष्पादित किए जाएंगे।		

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
		समिति सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक से दूरस्थ और अगम्य क्षेत्रों में बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार में बीसी/बीएफ को एक व्यवहार्य स्रोत के रूप में विकसित करने हेतु उनके कार्यनिष्पादन की आलोचनात्मक समीक्षा करने का आग्रह करती है। इस संबंध में समिति यह बताना चाहती है कि बैंकों को बीसी को केवल 'लागत केन्द्र' के रूप में नहीं देखना चाहिए बल्कि उन्हें इससे भी आगे संरचना चाहिए और उन्हें एक 'सेवा केन्द्र' के रूप में समझना चाहिए।समिति यह भी चाहती है कि बैंकों को ऋण देने वाले वरीयता वाले क्षेत्र के अंतर्गत कमजोर वर्गों की विभिन्न श्रेणियों के लिए ऋण देने के लक्ष्यों का एक उपमंडल होना चाहिए ताकि सभी वर्गों/श्रेणियों को वित्तीय समावेशन में समान रूप से शामिल किया जा सके। ऐसी उप-श्रेणी में अल्पसंख्यकों में आर्थिक रूप से वंचित वर्ग को शामिल करने की सीमा को भी शामिल किया जाना चाहिए। इसी प्रकार बैंकों की गांवों को स्वीकार करने की योजना के लिए समयबद्ध लक्ष्यों को निर्धारित किया जाना चाहिए।	भारतीय रिजर्व बैंक की मौजूदा शाखा प्राधिकार नीति के अनुसार घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (आरआरबी को छोड़कर) को सूचना देने के अध्यधीन (i) टीयर-3 से टीयर-6 केन्द्रों (49,999 तक की जनसंख्या वाले, जिनमें सभी ग्रामीण केन्द्र शामिल हैं) में और (ii) पूर्वोत्तर एवं सिक्किम के ग्रामीण, अर्ध-शहरी एवं शहरी केन्द्रों में शाखाएं/मोबाइल शाखाएं/प्रशासनिक कार्यालय/सीपीसी (सेवा शाखाएं) खोलने की सामान्य अनुमति प्रदान की गई है। अतः, उपर्युक्त केन्द्रों में शाखाएं/मोबाइल शाखाएं/प्रशासनिक कार्यालय/सीपीसी (सेवा शाखाएं) खोलने हेतु घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमति लेना अपेक्षित नहीं है। 2000 से अधिक की जनसंख्या वाले चिह्नित लगभग 73,000 गांवों को मार्च 2012 तक तथा इसके पश्चात क्रमिक रूप से सभी गांवों को समय के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं से युक्त बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जुलाई 2011 में बैंकों को यह सलाह दी गई है कि उन्हें अपनी वार्षिक शाखा विस्तार योजना तैयार करते समय, एक वर्ष के दौरान खोली जाने के लिए प्रस्तावित शाखाओं की कुल संख्या का न्यूनतम 25 प्रतिशत बैंक रहित ग्रामीण केन्द्रों (वे केन्द्र जहां ग्राहक आधारित बैंकिंग लेनदेनों के लिए किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की पक्की शाखा नहीं है) को आबंटित करना चाहिए। कमजोर वर्गों के लिए एनएनबीसी का 10% का लक्ष्य लाभार्थी उन्मुख है और इसे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार के समग्र लक्ष्य में शामिल किया जाना है। अतः श्रेणी-वार तथा क्षेत्र-वार लक्ष्य निर्धारित करना तथा इसकी प्रगति की निगरानी करना व्यावहारिक नहीं हो सकता है। अतः कमजोर वर्गों की प्रत्येक श्रेणी के लिए उप-लक्ष्य निर्धारित करना संभव नहीं हो सकता है। प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार के कमजोर वर्ग की उप-श्रेणी में, अन्य बातों के साथ-साथ, अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को शामिल किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह भी सूचित किया है कि प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार संबंधी वर्गीकरण के संबंध में विद्यमान वर्गीकरण की पुनः जांच करने और संशोधित दिशानिर्देशों का सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है।		

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
8	**8**	**समिति यह पाती है कि बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और वित्तीय समावेशन की उपलब्धि में, जिला स्तर की परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला स्तर की परामर्शदात्री समिति में सभी वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों, आरआरबी, नाबार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक तथा राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों और एजेंसियों के सदस्य होते हैं। इस समिति की अध्यक्षता जिलाधीश करता है। समिति यह नोट करती है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त लीड बैंक स्कीम की समीक्षा करने हेतु उच्च स्तरीय समिति ने मार्च, 2011 तक 2000 से अधिक की जनसंख्या वाले प्रत्येक गांव में बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से जिला स्तर की परामर्शदात्री समिति की उपसमिति गठित करने की सिफारिश की है। इस संबंध में समिति का यह मत है कि जिला स्तर की परामर्शदात्री समिति की नीतियों के कार्यान्वयन और नियोजन में मुख्य माध्यम बनने के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने की जरूरत है। इसलिए समिति यह सिफारिश करती है कि जिला स्तर की परामर्शदात्री समिति के कार्यकरण की समीक्षा की जाए और इसे पुनर्गठित किया जाए ताकि जनप्रतिनिधियों, विशेष रूप से उस क्षेत्र के संसद सदस्य को इसका अध्यक्ष बनाया जा सके।**	जिला स्तरीय परामर्शदात्री समितियां (डीएलसीसी) या जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) बैंकरों के साथ-साथ सरकारी एजेंसियों/विभागों के लिए जिला स्तर पर स्कीम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विकासपरक कार्यकलापों के सुचारू कार्यकरण में अवरोध उत्पन्न करने वाली समस्याओं का समाधान ढूंढने का एक "कामन फोरम" है। डीसीसीबी और एसएलडीबी, आरआरबी, नाबार्ड, आदि के सहित सभी वाणिज्यिक बैंक, सहकारी बैंक और राज्य सरकार के विभिन्न विभाग एवं संबद्ध एजेंसियों डीएलसीसी/डीसीसी का सदस्य बनती हैं। अग्रणी बैंक का अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) डीएलसीसी/डीसीसी का संयोजक होता है। रिजर्व बैंक का अग्रणी जिला अधिकारी (एलडीओ) भी डीसीसी का सदस्य है। जिला अधिकारी इस समिति के अध्यक्ष के तौर पर काम करते है। डीसीएम/एसीपी में सम्मिलित स्कीमों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति का मूल्यांकन करने को ध्यान में रखकर डीसीसी बैठकें आयोजित करने के अलावा प्रत्येक वर्ष डीसीसी की एक बैठक जिलास्तरीय समीक्षा बैठक (डीएलआरएम) के तौर पर आयोजित की जाती है। अग्रणी बैंक स्कीम के कामकाज की समीक्षा करने वाले कार्यबल ने टिप्पणी की कि डीएलआरएम ने न केवल अग्रणी बैंक स्कीम में भागीदार विभिन्न संगठनों और ग्रामीण विकास से जुड़ी गैर-सरकारी एजेंसियों को इकट्ठा करने में उपयोगी फोरम के तौर पर काम किया है वरन एक दृष्टि से डीसीपी/एएपी के अंतर्गत कार्य-निष्पादन की सामान्य समीक्षा करने के फोरमों के रूप में अपने आपको विकसित किया है ताकि जिले में क्रियान्वयनाधीन विकासपरक कार्यक्रमों में गैर-सरकारी व्यक्तियों सहित सभी संबंधित एजेंसियों की नियमित प्रतिभागिता सुनिश्चित की जा सके। दल ने सिफारिश की थी कि इन बैठकों की बारम्बरता बढ़ाए जाने का साथ-साथ इस "फोरम" जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) के तौर पर नामोदिष्ट किया जाए ताकि इसके कार्यकरण के स्वरूप को प्रतिबिंबित किया जा सके। तदनुसार, डीएलआरएम को डीएलआरसी के तौर पर पुनर्नामित किया गया और इसका पृथक फोरम के तौर पर गठन किया गया। आरबीआई ने अग्रणी बैंकों को सलाह दी है कि अग्रणी बैंक द्वारा डीएलआरसी बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएं और इन	कालम 4 में यथावर्णित स्वीकृत	

<table>
<tr><th>क. सं.</th><th>सिफारिश/ पैरा सं.</th><th>सिफारिश</th><th>सरकार द्वारा की गई कार्रवाई</th><th>सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं</th><th>अभ्युक्तियां</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>बैकों में भाग लेने के लिए सांसदों/विधायकों और जिला परिषद अध्यक्षों को निरपवाद रूप से आमंत्रित किया जाए। आरबीआई द्वारा सभी अग्रणी बैंकों को यह भी सलाह दी गई है कि वे डीएलआरसी बैठकों की तिथियां, सांसद की सुविधा का समुचित रूप से ख्याल रखते हुए, नियत करें।
डीएलसीसी के कार्य की समीक्षा करने तथा इसका पुनर्गठन करने तथा उस क्षेत्र के संसद सदस्य को डीएलसीसी का अध्यक्ष बनाने की समिति की सिफारिश के संबंध में इस मामले को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ उठाया गया है।</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>9</td><td>9</td><td>कृषि एवं कमजोर वर्गों को ऋण
समिति चिंता के साथ इस तथ्य को नोट करती है कि सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों के बैंक ऋण के लक्षित प्रतिशत प्राप्त करने में विफल रहे हैं। मार्च, 2010 में, सरकारी क्षेत्रों के बैंकों द्वारा प्रदत्त कुल कृषि ऋण के 17.28 प्रतिशत में से, समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 12.78 प्रतिशत प्रत्यक्ष ऋण और 5.09 प्रतिशत अप्रत्यक्ष ऋण के रूप में प्रदान किया गया जबकि प्रत्यक्ष ऋण के एएनबीसी का 13.5 प्रतिशत तथा अप्रत्यक्ष ऋण के लिए 4.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया था। दूसरी और गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने कृषि क्षेत्र को कुल 16.97 प्रतिशत ऋण प्रदान किया जिसका 12.47 प्रतिशत प्रत्यक्ष और 5.63 प्रतिशत अप्रत्यक्ष ऋण के रूप में दिया गया। इसके अतिरिक्त समिति अलग-अलग बैंकों के आंकड़ों से यह पाती है कि सरकारी क्षेत्र के 15 बैंकों और गैर-सरकारी क्षेत्र के 11 बैंकों ने कृषि क्षेत्र को कुल कृषि ऋण के 18S से भी कम ऋण प्रदान किया है। आगे यह भी देखा गया है कि सरकारी क्षेत्र के 12 बैंकों और गैर-सरकारी</td><td>किसानों के लिए कृषि ऋण का प्रवाह बढ़ाना भारत सरकार की प्राथमिकता है। वर्ष 2004 में, सरकार ने वर्ष 2003-04 के दौरान संवितरित धनराशि की तुलना में, 2004-05 से प्रारंभ करके तीन वर्षों की अवधि में कृषि एवं संबद्ध कार्यकलापों के लिए ऋण का प्रवाह दुगुना करने के लिए एक पैकेज की घोषणा की थी। यह लक्ष्य दो वर्षों में हासिल किया गया। तदुपरांत, कृषि ऋण प्रवाह के लिए वार्षिक लक्ष्य नियत किए जा रहे हैं। वर्ष 2003-04 से कृषि एवं संबद्ध कार्यकलापों के लिए ऋण का प्रवाह नीचे दिया गया है :
(राशि करोड़ रूपए में)
<table>
<tr><th>वर्ष</th><th>लक्ष्य</th><th>उपलब्धि</th></tr>
<tr><td>2003-04</td><td>—-</td><td>86,981</td></tr>
<tr><td>2004-05</td><td>1,05,000</td><td>1,25,309</td></tr>
<tr><td>2005-06</td><td>1,41,000</td><td>1,80,486</td></tr>
<tr><td>2006-07</td><td>1,75,000</td><td>2,29,400</td></tr>
<tr><td>2007-08</td><td>2,25,000</td><td>2,54,657</td></tr>
<tr><td>2008-09</td><td>2,80,000</td><td>3,01,682</td></tr>
<tr><td>2009-10</td><td>3,25,000</td><td>3,84,514</td></tr>
<tr><td>2010-11</td><td>3,75,000</td><td>4,59,341</td></tr>
<tr><td>2011-12</td><td>4,75,000</td><td>2,62,129.29 *</td></tr>
</table>
* 31 अक्तूबर, 2011 तक उपलब्धि</td><td></td><td></td></tr>
</table>

<table>
<tr><th>क. सं.</th><th>सिफारिश/ पैरा सं.</th><th>सिफारिश</th><th>सरकार द्वारा की गई कार्रवाई</th><th>सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं</th><th>अभ्युक्तियां</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td>क्षेत्र के 13 बैंकों ने कृषि क्षेत्र के लिए निर्धारित 4.5 प्रतिशत की सीमा से अधिक अप्रत्यक्ष कृषि ऋण उपलब्ध कराया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि हालांकि बैंक अब भी अपेक्षित कृषि ऋण प्रदान करने संबंधी लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, परंतु उनमें से बहुत सारे बैंकों ने अप्रत्यक्ष कृषि ऋण संवितरण के प्रति रुझान दिखाया है। यद्यपि सरकार ने कृषि ऋण को बढ़ाने के लिए अनेक उपाय करने की बात कही है, फिर भी सरकार ऋण प्रदान करने के बांछनीय प्रतिशत को प्राप्त करने के लिए बैंकों को मनाने में विफल रही है।</td><td>वर्ष 2011-12 में इस क्षेत्र के लिए ऋण प्रवाह का लक्ष्य 4,75,000 करोड़ रुपए नियत किया गया है। इसमें वर्ष 2011-12 के दौरान विभिन्न बैंकों से ऋण के लिए लक्षित ऋण प्रवाह नीचे दिया गया है:

(राशि करोड़ रूपए में)
<table><tr><th>एजेंसी</th><th>फसल ऋण</th><th>मियादी ऋण</th><th>योग</th></tr><tr><td>वाणिज्यिक बैंक</td><td>1,85,000</td><td>1,70,000</td><td>3,55,000</td></tr><tr><td>सहकारी बैंक</td><td>57,000</td><td>12,500</td><td>69,500</td></tr><tr><td>क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक</td><td>38,000</td><td>12,500</td><td>50,500</td></tr><tr><td>योग</td><td>2,80,000</td><td>1,95,000</td><td>4,75,000</td></tr></table>
इसके अतिरिक्त, यह देखा जा सकता है कि सकल रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के बैंक, दोनों द्वारा दिया गया प्रत्यक्ष कृषि ऋण पिछले 4 वर्षों में तेजी से बढ़ा है :

(राशि करोड़ रूपए में)
<table><tr><th rowspan="2">वर्ष</th><th colspan="2">प्रत्यक्ष कृषि उधार</th></tr><tr><th>सरकारी क्षेत्र के बैंक</th><th>गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंक</th></tr><tr><td>2006-07</td><td>1,45,409.48</td><td>28,243.23</td></tr><tr><td>2007-08</td><td>1,76,759.60</td><td>37,390.65</td></tr><tr><td>2008-09</td><td>2,15,634.72</td><td>46,509.54</td></tr><tr><td>2009-10</td><td>2,65,071.17</td><td>52,110.94</td></tr></table>स्रोत : आरबीआई

2. उपर्युक्त आंकड़ों से यह देखा जा सकता है कि प्रत्यक्ष कृषि ऋण उधार के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा बकाया अग्रिम वर्ष 2006-07 में 1,45,409.48 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2009-10 में 2,65,071.17 करोड़ रुपए हो गया है, इस तरह, 82.29% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी तरह, उपर्युक्त आंकड़ों से यह भी देखा जा सकता है कि गैर सरकारी क्षेत्र के बैंकों के लिए प्रत्यक्ष कृषि</td><td></td><td></td></tr>
</table>

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
			उधार के अंतर्गत बकाया अग्रिम वर्ष 2006-07 में 28,243.23 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2009-10 में 52,110.94 करोड़ रुपए हो गया, इस तरह 84.51% की वृद्धि दर्ज की गई। 3. कृषि के लिए ऋण की उपलब्धता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि, कुछ बैंक उनसे संबंधी कृषि ऋण के लक्ष्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं। ऐसे कई कारक हैं जो कृषि क्षेत्र के लिए प्राथमिकता प्राप्त उधार लक्ष्यों की उपलब्धि का निर्धारण करते हैं। बैंकों द्वारा उधार दिया जाना कई कारणों पर निर्भर करता है। इन कारणों में ये कारण शामिल हैं- बैंकों का अस्तित्व में होना, जलवायु संबंधी और अन्य कारण और बैंकों के प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य आर्थिक क्रिया-कलाप। यह मूल प्रभाव (बेस-इफेक्ट) अर्थात समग्र ऋण में हुई वृद्धि की तुलना में कृषि हेतु ऋण की उपलब्धता पर भी निर्भर करता है। चूंकि गैर-सरकारी बैंकों की शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में पहले ही अत्यधिक मौजुदगी है और यह उनके उधार परिचालनों में भी दिखता है। यह भी देखा गया है कि गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र को दिए जाने वाले उधार में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। 4. जो घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, जिनमें सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्र के बैंक शामिल हैं, अपने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र लक्ष्यों/उप-लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहते हैं उनके लिए उनकी उधार कमी (राशि) को आरबीआई (भारत सरकार द्वारा किए गए वार्षिक आबंटन के अनुसार) के माध्यम से भारत सरकार द्वारा नाबार्ड, सिडबी एवं एनएचबी में सृजित विभिन्न निधियों में जमा कराना अपेक्षित होता है।		

<table>
<tr><th>क. सं.</th><th>सिफारिश/ पैरा सं.</th><th>सिफारिश</th><th>सरकार द्वारा की गई कार्रवाई</th><th>सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं</th><th>अभ्युक्तियां</th></tr>
<tr><td>10</td><td>10</td><td>कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करने के मामले में, गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों का कार्यनिष्पादन बहुत खराब है। मार्च, 2010 में इन बैंकों ने कमजोर वर्गों के लिए अपेक्षित 10 प्रतिात के लक्ष्य की तुलना में मात्र 5.48 प्रतिात ऋण का लक्ष्य प्राप्त किया है। ऐसे कार्यनिषपादन का मुख्य कारण अर्द्धशहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इन बैंकों की शाखाओं की कम संख्या बताया गया है। समिति भारतीय रिजर्व बैंक से यह अपेक्षा करती है कि वह यह सुनिचित करे कि गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंक भी अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करें।</td><td>प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को उधार देने संबंधी रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार पिछले वर्ष के 31 मार्च के अनुसार समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 40 प्रतिात या तुलन-पत्र बाह्य निवेशों (ओबीई) की ऋण समतुल्य राशि जो भी अधिक हो, सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों, घरेलू अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार दिए जाने के लिए अधिदेशित किया गया है। इसके अंतर्गत पिछले वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार एएनबीसी का 10 प्रतिशत या ओबीई की ऋण समतुल्य राशि जो भी अधिक हो, का एक उप-लक्ष्य कमजोर तबकों को उधार देने के लिए निर्दिष्ट किया गया है।
जैसाकि आरबीआई द्वारा सूचित किया गया है, मार्च 2008, 2009, 2010 और 2011 के अंतिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कमजोर तबकों को दिए गए उधार के आंकड़े निम्नानुसार हैं :-

<table>
<tr><th>वर्ष</th><th>बकाया राशि (करोड़ रुपए में)</th><th>पिछले वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार एएनबीसी का प्रतिात या ओबीई का सीई, जो भी पिछले वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अधिक हो,</th></tr>
<tr><td>2008</td><td>7,152.29</td><td>2.10</td></tr>
<tr><td>2009</td><td>15,832.31</td><td>3.89</td></tr>
<tr><td>2010</td><td>25,686.03</td><td>5.45</td></tr>
<tr><td>2011</td><td>30,077.69</td><td>5.64</td></tr>
<tr><td colspan="3">स्रोतः भारतीय रिजर्व बैंक</td></tr>
</table></td><td>स्वीकृत</td><td>भारतीय रिजर्व बैंक ने 01 सितम्बर, 2011 के पत्र के तहत गैर-सरकारी क्षेत्र के उन बैंकों को विशेष ध्यान देने की सलाह दी है जो निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इन बैंकों को यह सुनिशचित करने की सलाह भी दी है कि वे</td></tr>
</table>

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
			उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि एक समूह के तौर पर गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंक पिछले वर्ष के 31 मार्च की स्थिति के अनुसार एएनबीसी का 10 प्रतिशत या ओबीई की ऋण समतुल्य राशि जो भी अधिक हो, का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। हालांकि, कमजोर तबकों को उधार देने में गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों के निष्पादन में, पूर्ण के साथ-साथ प्रतिशत दोनों दृष्टियों से, कालांतर में बढ़ती प्रवृत्ति देखी गई है। आरबीआई ने यह भी सूचित किया है कि जो बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफल रहते हैं उन्हें उत्साहित न करने वाले उपायों के रूप में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) /अन्य निधियों में योगदान करना है। आरबीआई डाटा के अनुसार गैर-सरकारी क्षेत्र के 21 बैंकों में से 15 बैंक मार्च, 2011 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार की स्थिति के अनुसार प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार के अंतर्गत कमजोर तबकों को उधार देने के 10% के विनिर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहे हैं। इन 15 गैर-सरकारी क्षेत्र के बैंकों को पत्र दिनांक 1 सितंबर, 2011 के जरिए सलाह दी गई है कि वे इस पहलू पर विशेष ध्यान दें। उन्हें यह सुनिचित करने के लिए भी सलाह दी गई है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों उधार मूल भावना के अनुरूप क्रियान्वित किए जाए और इसे बैंक के निदेशक-मंडल के ध्यान में लाया जाए।		प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार संबंधी दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन मूल भावना से करें और इसे बैंक के निदेशक मंडल की जानकारी में ले आएं।

क. सं.	सिफारिश/ पैरा सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत की गई या नहीं	अभ्युक्तियां
